Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 14-12-2005

Participants : Kumar Shri Shailendra

>

Title : Regarding need to provide stoppage of important trains at Bharvari railway station in Kaushambi district, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : अध्यक्ष महोदय, नवसृजित जनपद कौशाम्बी उ0प्र0, जो मेरे संसदीय क्षेत्र का एक धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व रखने वाला जिला है। यहां हर साल लाखों की संख्या में विदेशी एवं देशी सैलानी आते हैं उक्त जनपद में बौद्ध गौतम बुद्ध ने 12 वर्ा वास किए थे। यहां जैन धर्म के मानने वालों का तीर्थस्थल है। जापान, कोरिया, चीन, तिब्बत, इंडोनेशिया से हजारों सैलानी प्रतिवर्ा आते हैं। यहां जी.टी. रोड एवं मुख्य रेल मार्ग का मुख्य साधन है। लेकिन परिवहन व संचार व्यवस्था से अछूता है। उक्त जनपद के नजदीक भरवारी रेलवे स्टेशन है। उक्त रेलवे स्टेशन के सौन्द्रीयकरण, कम्प्यूटर आरक्षण की सुविधा के साथ ही एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव/स्टॉपेज 2 मिनट का होना आवश्यक है, जैसे महानंदा (कटिहार एक्सप्रेस) 4084 डाउन 5.20, 4083 अप 7.30, कालका मेल 2312 डाउन 5.30, 2311 अप 10.30, दिल्ली रीवां एक्सप्रेस 2428 डाउन 8.45, 2427 अप 4 बजे।

मैं रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि उक्त ट्रेनों का स्टॉपेज 2 मिनट करने से व्यापारिक, सरकारी व पर्यटकों को विशो सुविधा मिलेगी तथा रेल का राजस्व भी बढेगा।